हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 21 फरवरी 2026

06 घर-घर चल रहा है इबादत का दौर नमाजियों...



07 वन विभाग ने मुंगावली में कई हरे भरे पेड़ कटे





## समाचार संक्षेप

### विवाद विहीन हेतु चिन्हित ग्राम भुलाय में आयोजित किया गया विधिक साक्षरता शिविर



**गुना।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन में आज विवाद विहीन हेतु चिन्हित ग्राम भुलाय में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुना वंदना त्रिपाठी द्वारा जनजातीय अधिकारों का संरक्षण एवं प्रवर्तन योजना, 2015 के बारे विस्तृत जानकारी दी गयी साथ ही मध्यस्थता तथा दिनांक 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में लंबित मामलों का आपसी समझौते के आधार पर कैसे निपटारा किया जाता है इस संबंध में जानकारी प्रदाय की। यह भी बताया गया कि ग्राम भुलाय विवाद विहीन ग्राम बनाये जाने हेतु चिन्हित है जिसे ग्रामजनों के सहयोग से उक्त श्रेणी में पूर्ण रूप से लाया जा सकता है।इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी सर्वेश चतुर्वेदी द्वारा नालसा नशा उन्मूलन, नालसा गरीबी उन्मूलन, टोलफी नं. 15100, बाल विवाह रोकथाम अभियान, मध्यस्थता योजना इत्यादि के बारे में जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम का संचालन पैरालीगल वॉलेंटियर्स राघौगढ़ महेश शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर पैरालीगल वॉलेंटियर्स घनश्याम वीलरवार, अर्चना जादौन एवं समस्त ग्रामजन उपस्थित रहे।

### आनंद धाम वृद्ध आश्रम गुना में समग्र कल्याण व योग शिविर आयोजित

**गुना।** मध्य प्रदेश शासन आयुष विभाग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर किशोर कुमार कान्याल के मार्गदर्शन में आयुष विभाग एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग जिला गुना द्वारा दिनांक 19 एवं 20 फरवरी को आनंद धाम वृद्ध आश्रम गुना पर समग्र कल्याण शिविर एवं योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुष विभाग के चिकित्सकों द्वारा आश्रम में निवासरत तथा आस पास के ग्रामीण वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क आयुर्वेद, होम्योपैथ एवं यूनानी औषधि प्रदान की गई तथा उनकी ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर एवं हीमोग्लॉबिन की जांच भी की गयी। योग शिविर में चिकित्सको एवं योग प्रशिक्षकों द्वारा वरिष्ठजनों को नियमित योग करने वाले सूक्ष्म आसनों की जानकारी दी गयी एवं योगाभ्यास करवाया गया। जिला आयुष अधिकारी इस अवसर पर डॉ. कुलदीप सिंह गनावे डॉ. अंकेश कुमार अग्रवाल, डॉ. आकांक्षा गुप्ता एवं डॉ. राहुल श्रीवास्तव द्वारा वृद्ध जनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा मनोज पंत कंपाउंडर, आल्हा सिंह रघुवंशी, सरिता राठौर, ममता शर्मा एवं संदीप रघुवंशी द्वारा दवा वितरण किया गया। आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक शुचिता शर्मा एवं मनोज तिवारी द्वारा योगाभ्यास कराया गया।

### भिलाला समाज की संयुक्त महापंचायत रविवार को निहालदेवी माता मंदिर में

**गुना।** निहालदेवी माता मंदिर पर रविवार, 22 फरवरी को आदिवासी भिलाला समाज की मिशन डी-3 एवं सांस्कृतिक एकता संयुक्त महापंचायत का आयोजन होगा। इसमें गुना, शिवपुरी, श्योपुर और राजस्थान के बारां जिले के 112 गांवों के पटेल, पुजारा, बुजुर्ग, सरपंच, जनप्रतिनिधि, युवा, महिलाएं और छात्र-छात्राएं भाग लेंगे।महापंचायत में समाज की सामाजिक कुरीतियों जैसे दहेज, दारू, डीजे और फिजूल खर्च को रोकने तथा मिशन डी-3 नियमावली के पालन पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। कार्यक्रम में बच्चियों द्वारा नुक्कड़ नाटक, आदिवासी गीत और ग्रुप डांस की प्रस्तुति भी होगी।मुख्य अतिथि श्री नीतेश अलावा (जिला आलीराजपुर), विशेष अतिथि श्री शंकर सिंह गवली (इंदौर) और प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं और खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों का सम्मान किया जाएगा।भिलाला समाज संगठन के जिला अध्यक्ष श्री भैरोसिंह रावत ने समाज जनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर महापंचायत को सफल बनाने की अपील की है।

## संभाग स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी 28 फरवरी से 1 मार्च तक मानस भवन गुना में, पॉलीहाउस गुलाब होंगे मुख्य आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना जिले में 28 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक संभाग स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी का भव्य आयोजन मानस भवन, गुना में किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में विशेष रूप से पॉलीहाउस में उत्पादित उत्कृष्ट गुलाब मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे।यह आयोजन उद्यानिकी विभाग के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर किशोर कन्याल ने जिलेवासियों से आह्वान किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर इस पुष्पोत्सव को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल शहरी सौंदर्य और बागवानी संस्कृति को बढ़ावा देते हैं, बल्कि स्थानीय उत्पादकों और उद्यमियों को भी प्रोत्साहन प्रदान करते हैं।प्रदर्शनी में विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत फूलों को पुरस्कृत किया जाएगा, जिनमें प्रमुख हैं—गमला श्रेणीएकल पुष्प (कट फ्लावर श्रेणी) व्यावसायिक कट फ्लावर श्रेणी (20 फूल) इन सभी श्रेणियों को तीन वर्गों



में विभाजित किया गया है- व्यक्तिगत, संस्थागत व व्यवसायिक।


उपसंचालक उद्यान, जिला गुना केपीएस किरार ने समस्त गुना जिलेवासियों से आग्रह किया है कि वे अपने टेरेस गार्डनिंग अथवा उद्यान में विकसित उत्कृष्ट फूलों को कम से कम आधा फीट से एक फीट लंबी डंडी सहित अथवा संपूर्ण गमले के साथ प्रदर्शनी में प्रस्तुत करें। विभिन्न संस्थाएं, सामाजिक संगठन एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठान भी अपने आकर्षक प्रादर्श प्रदर्शनी में शामिल कर सकते हैं।यह प्रदर्शनी आम नागरिकों को देखने के लिए भी खुली रहेगी।

शहरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर विविध रंगों एवं सुगंध से सुसज्जित पुष्पों का आनंद लें तथा स्थानीय उत्पादकों का उत्साहवर्धन करें।जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस संभाग स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर इसे एक यादगार आयोजन बनाएं।

### प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों के बीच सुलह करा दी

## आपसी सहमति से सुलझ गया चौधरन धर्मशाला के अतिक्रमण का विवाद





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

प्रशासन की मध्यस्थता और आपसी सूझबूझ के चलते आखिरकार जैन समाज की धर्मशाला और भाजपा नेता के बीच चल रहा विवाद समाप्त हो गया । स्टेशन रोड स्थित चौधरन धर्मशाला की देखरेख कर रहे जैन समाज के लोगों ने कुछ दिन पहले धर्मशाला की जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर नाराज़गी जताई थी और नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंप कर अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। इसके बाद नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाने के लिए संबंधित लोगों को चेतावनी दी थी । यह मामला प्रशासन के संज्ञान में पहुंचा इसी क्रम में शुक्रवार को प्रशासन की ओर से शहर तहसीलदार एवं नगर पालिका का अमला मौके पर पहुंचा और वस्तु स्थिति का आकलन करते हुए दोनों पक्षों को बुलाकर चर्चा की । जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति बन गई और जमीन का एक हिस्सा छोड़ने के लिए जहां आरोपी पक्ष राजी हो गया तो वहीं जैन समाज ने भी अपनी सहमति जाता दी । और इस तरह से यह विवाद जो बड़ा तूल पकड़ने वाला था और इसमें राजनीतिक इंवॉल्वमेंट भी हो चुका था उसे आपसी सहमति से एवं प्रशासन की मध्यस्थता से सुलझा लिया गया।

### जैन समाज ने यह कहा

पुन्योदय अतिशय तीर्थक्षेत्र बजरंगगढ़ कार्यकारिणी कमेटी के महामंत्री प्रदीप जैन ने कहा कि धर्मशाला जो हमारी थी उसके उसमें यह अंदर दुकान बना रहे थे । दिशाओं के हिसाब से दुकान का समझौता नहीं हो पा रहा था तो तहसीलदार महोदय श्री बैरवा ने कहा कि आपस में मिलकर दोनों जने समझौता कर लीजिए । वही इन्होंने भी कहा कि छोड़ देंगे बाकी जो रोड के पीछे थोड़ी बहुत जगह पड़ी हुई है उसे पर दुकान बना लेंगे।

### टिल्लू के पुत्र ने दिया बयान

वहीं भाजपा नेता रविंद्र सिंह रघुवंशी के पुत्र सौरभ रघुवंशी ने कहा कि मेरे को आज यह जमीन मिल गई है मेरे सारे कागज जैन समाज और तहसील को दिखा दिए हैं। हमारा समझौता हो गया है अब कोई विवाद नहीं है।

### इनका कहना है

चौधरन धर्मशाला के और टिल्लू रघुवंशी के बीच में विवाद चल रहा था। हम लोग आए इसमें हमने धर्मशाला का रिकार्ड देखा और नगर पालिका का रिकार्ड देखा ।फाइनली पाया कि जो एरिया है उसमें थोड़ा सा अतिक्रमण ज्यादा कर लिया था ।उसके बाद उसका मेजरमेंट किया गया और आपसी सहमति से यह विवाद समाप्त हो गया।

**गौरी शंकर बैरवा**
तहसीलदार शहर गुना



### राजस्व समेत खनिज विभाग की कार्रवाई लगातार जारी, 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार अनुभाग गुना अंतर्गत अवैध रूप से खनिजों के उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई निरंतर जारी है। प्रशासन द्वारा प्राप्त शिकायतों के आधार पर संबंधित क्षेत्रों में लगातार निगरानी और छापामार कार्रवाई की जा रही है।इसी क्रम में गुना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेंधुआ में अवैध उत्खनन एवं परिवहन की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत को गंभीरता लेते हुए शुक्रवार को तहसील गुना अंतर्गत नायब तहसीलदार गुना के साथ सेंधुआ में छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान 03 ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए पाए गए। संबंधित वाहनों को तत्काल जब्त कर वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।इस कार्रवाई में तहसीलदार गुना ,खनिज दल तथा पुलिस बल सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## संपूर्ण जिले में रात्रि 10 से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर व ध्वनि विस्तार यंत्रों का सार्वजनिक उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा

**गुना।** जिले में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण, कानून-व्यवस्था की स्थिति एवं आमजन के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री किशोर कुमार कन्याल ने डीजे के उपयोग पर सख्त नियंत्रणात्मक आदेश जारी किए हैं। यह आदेश आगामी त्यौहारों, विवाह समारोहों, जुलूस एवं अन्य सामाजिक आयोजनों के मद्देनज़र जारी किया गया है। जारी आदेशानुसार डीजे की अत्यधिक ध्वनि से जन-जीवन प्रभावित हो रहा है। विशेष रूप से वर्तमान में माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों के अध्ययन एवं परीक्षा संचालन में व्यवधान उत्पन्न होने की शिकायतें सामने आई हैं। विद्यार्थियों के हितों की सुरक्षा एवं शांतिपूर्ण परीक्षा वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है।आदेश में उल्लेख किया गया है, कि कई डीजे वाहन Motor Vehicles Act, 1988 के प्रावधानों के विपरीत संशोधित पाए गए हैं, जो यातायात एवं जनसुरक्षा के लिए जोखिमपूर्ण हैं। साथ ही, उच्च क्षमता वाले स्पीकर एवं तीव्र प्रकाश व्यवस्था से आम नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम, 2000 के अंतर्गत निर्धारित ध्वनि सीमा का पालन अनिवार्य है। आदेशानुसार रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक लाउडस्पीकर एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों का सार्वजनिक उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। डीजे का उपयोग सड़कों, चौराहों, जुलूस एवं शोभायात्राओं में नहीं किया जा सकेगा। डीजे केवल विधिवत अनुमति मैरिज गार्डन अथवा आवृत परिसर में निर्धारित डेसीबल सीमा एवं समयावधि के भीतर ही संचालित किए जा सकेंगे। उल्लंघन की स्थिति में डीजे सिस्टम, जनरेटर एवं संबंधित वाहन जब्त कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। कार्यक्रम आयोजक, स्थल स्वामी एवं डीजे संचालक संयुक्त रूप से उत्तरदायी होंगे।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत पति पर गंभीर आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के आरोन क्षेत्र से एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। जहरीला पदार्थ खाने से उसकी हालत बिगडऩे पर ससुराल पक्ष उसे आरोन अस्पताल लेकर पहुंचा, लेकिन गंभीर स्थिति बताकर जिला अस्पताल रेफर किए जाने के बाद उसे वहीं छोडक़र भाग गया। बाद में मायके वाले उसे जिला अस्पताल लेकर आ रहे थे, इसी दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई।

मृतका की पहचान गुलाब बाई (35) पति मोहन बंजारा निवासी बोर्डीसर अमरपुरा के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार गुलाब बाई की शादी तीन साल पहले हुई थी और उसकी दो साल की एक बेटी भी है। गुरुवार शाम अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। बताया गया कि उसने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था, जिसके बाद ससुराल पक्ष उसे आरोन अस्पताल ले गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताकर जिला अस्पताल रेफर किया, लेकिन ससुराल पक्ष वहां से उसे छोडक़र फरार हो गया। सूचना मिलने पर मायके पक्ष अस्पताल पहुंचा और गुलाब बाई को जिला अस्पताल ले जाने के लिए रवाना हुआ, लेकिन गुना पहुंचने से पहले ही उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। शुक्रवार को जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतका के भाई ने आरोप लगाया कि पति शराब पीकर अक्सर गुलाब बाई के साथ मारपीट करता था। कई बार पंचायत भी हुई थी, लेकिन स्थिति नहीं सुधरी। गुरुवार को भी मारपीट के बाद पति ने उसे जहरीला पदार्थ दिया।

### मोबाइल चोरी होने पर थाने पहुंचा, रिपोर्ट न दर्ज करने से व्यथित था युवक

## गुना के जयस्तंभ चौराहा पर युवक ने किया आत्मघाती प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के व्यस्त जयस्तंभ चौराहा पर गुरुवार रात करीब साढ़े 8 बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक अचानक चौराहे पर लगी गेंट्री पर चढ़ गया। मौके पर मौजूद पुलिस पहले उसे सामान्य रूप से बैनर लगाने वाला समझती रही, लेकिन जब उसके हाथ में रस्सी और फंदा दिखाई दिया तो स्थिति गंभीर हो गई।

### जाम के बीच मची अफरा-तफरी मची

घटना के समय चौराहे पर ट्रैफिक जाम लगा हुआ था और पुलिसकर्मी यातायात व्यवस्था संभाल रहे थे। इसी दौरान एक पुलिसकर्मी की नजर युवक के हाथ में रस्सी पर पड़ी। संभावित अनहोनी की आशंका को देखते







हुए तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से सीढ़ी मंगाई गई और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। हालांकि जाम के कारण फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके तक पहुंचने में देरी हुई। इस बीच दो पुलिसकर्मी सीढ़ी के सहारे गेंट्री पर चढ़े और युवक को सुरक्षित अपने कब्जे में लिया। बाद में फायर ब्रिगेड के पहुंचने पर उसे नीचे उतारा गया। समय रहते की गई कार्रवाई से बड़ी घटना टल गई।

### मोबाइल चोरी से आहत था युवक

जानकारी के अनुसार, शहर की श्रीराम कॉलोनी निवासी विश्वीर सहरिया ने बताया कि गुरुवार को सदर बाजार क्षेत्र में उसका मोबाइल फोन चोरी हो गया। एक माह पहले ही 18 हजार रुपये में खरीदा गया मोबाइल सामान लेते समय जेब से निकाल लिया गया। पीड़ित के अनुसार, वह चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने कोतवाली पहुंचा, जहां उससे मोबाइल का बिल और डिब्बा मांगा गया। घर जाकर डिब्बा लेकर पहुंचने पर उसे अगले दिन आने को कहा गया। युवक का कहना है कि वह मजदूरी करता है और मेहनत की कमाई से मोबाइल खरीदा था। रिपोर्ट दर्ज न होने से वह मानसिक रूप से व्यथित हो गया।

### परिजनों को दी थी चेतावनी

परिजनों के मुताबिक, युवक ने घर लौटकर बताया था कि यदि उसकी सुनवाई नहीं हुई तो वह थाने के सामने आत्मघाती कदम उठाएगा। इसके बाद वह रस्सी लेकर जयस्तंभ चौराहा पहुंचा और गेंट्री पर चढ़ गया।

### संवेदनशीलता और संवाद की जरूरत

गुना के जयस्तंभ चौराहा पर हुई इस घटना ने पुलिस-प्रशासन और आमजन के बीच बेहतर संवाद और संवेदनशील व्यवहार की आवश्यकता को उजागर किया है। समय रहते पुलिस की सक्रियता से युवक की जान तो बच गई, लेकिन यह घटनाक्रम बताता है कि मानसिक तनाव की स्थिति में त्वरित सुनवाई, सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार और प्रभावी परामर्श कितना जरूरी है। ऐसे मामलों में मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए शिकायतों का त्वरित निराकरण और भावनात्मक सहयोग उपलब्ध कराना न केवल विश्वास को मजबूत करता है, बल्कि संभावित अनहोनी को भी टाल सकता है।

## संस्कार बनाम बदजुबानी: भाजपा पर कांग्रेस का करारा प्रहार

**गुना।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान और राघौगढ़ विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री जयवर्धन सिंह के निर्देश पर शुक्रवार शाम गुना के अम्बेडकर चौराहे पर कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर शक्ति प्रदर्शन किया।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी 1 व 2 शहर एवं गुना ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार और उनके विवादित मंत्रियों का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील, मनरेगा योजना को बंद करने के प्रयासों और कफ सिरप से हुई बच्चों की मौतों को लेकर स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला की जवाबदेही तय करने की मांग की। साथ ही, इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के लिए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और सेना व महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करने वाले मंत्री विजय शाह के खिलाफ भी कड़ा आक्रोश व्यक्त किया गया।

## समाचार संक्षेप

### दामोदर प्रसाद यादव के खिलाफ कांग्रेस का उग्र विरोध 21 फरवरी को, पुतला दहन कर सौंपेंगे ज्ञापन, कड़ी कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरोन द्वारा दामोदर प्रसाद यादव के कथित आपत्तिजनक बयान के विरोध में 21 फरवरी को विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। आरोन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पार्वतीबाई अहिरवार ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह (राजा साहब) एवं विधायक जयवर्धन सिंह (बाबा साहब) के लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किए जाने से कांग्रेस परिवार में भारी आक्रोश है।उन्होंने बताया कि इसी के विरोध में 21 फरवरी को दोपहर 3:00 बजे दास हनुमान मंदिर परिसर में शहरी एवं ग्रामीण कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित होंगे। कार्यक्रम के दौरान दामोदर प्रसाद यादव का पुतला दहन किया जाएगा तथा संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की जाएगी।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरोन ने सभी कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर विरोध दर्ज कराने और संगठन की एकजुटता प्रदर्शित करने का आह्वान किया है।

### एनएसएस वॉलेंटियर ने शिविर में किया योग अभ्यास



हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा

शासकीय महाविद्यालय चाचौड़ा बीनागंज की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई का सात दिवसीय शिविर गोदग्राम सागर में आयोजित किया जा रहा है। शिविर के चतुर्थ दिवस पर मुख्य अतिथि क्रीड़ा अधिकारी डॉ नवीन चौधरी विशेष अतिथि महाविद्यालय लेखपाल मनोज सिंह सिकरवार विशिष्ट अतिथि श्री महेंद्र सिंह लोधा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आरपी मीना द्वारा की गई। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात छात्र छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना सलोनी सेन और पूनम विश्वकर्मा स्वागत गीत सिमरन राजपूत और अंजलि राजपूत एवं एन एस एस गीत दीपा माली और पूर्वी माली द्वारा प्रस्तुत किया गया।

इसके विशेष अतिथि पश्चात क्रीड़ा अधिकारी डॉ नवीन चौधरी द्वारा सभी वोलेंटियर को योग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए सभी को योग की विभिन्न क्रियाओं जैसे प्राणायाम अनुलोम विलोम भँवरी आदि का अभ्यास कराया । विशेष अतिथि मनोज सिंह सिकरवार ने सभी छात्रों को एन एस एस का मतलब और महत्व बताया । इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की सह प्रभारी डॉ मंजू शर्मा डॉ रीतू राजपूत डॉ हरीश शर्मा , डॉ धर्मवीर जाटव , धर्मेंद्र अहिरवार , प्रकाश चंद्र शर्मा ,रामनारायण साहू एवं सभी वोलेंटियर उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन साबिया खान द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्रा अनुराग शर्मा द्वारा आभार व्यक्त किया गया।


रमज़ान के पहले जुमा पर राघौगढ़ में दिखा अकीदत और भाईचारे का माहौल

# घर-घर चल रहा है इबादत का दौर नमाजियों से मस्जिदें रही गुलजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶राघौगढ़

पाकीज़ा माह-ए-रमज़ान के पहले जुमा पर शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों में गहरी आस्था और उल्लास का वातावरण रहा।

मुस्लिम अकीदतमंदों ने पूरे एहतराम के साथ नमाज़ अदा कर देश व प्रदेश में अमन-ओ-अमान, तरक्की, खुशहाली और आपसी भाईचारे की दुआ मांगी।



राघौगढ़। पालिका बाजार में स्थित एक घर में इबादत करती नन्ही बालिका।

### प्रमुख मस्जिदों में उमड़ी भीड़

शहर की प्रमुख मस्जिदों—जामा मस्जिद, ख्वाजा मस्जिद, मोहम्मदी मस्जिद, बिलाल मस्जिद तथा पालिका बाजार स्थित फातिमा मस्जिद—में नमाज़ियों की भारी भीड़ रही। मस्जिदें नमाज़ियों से खचाखच भरी नजर आईं।

### रमज़ान की फज़ीलत पर तकरीर

पालिका बाजार निवासी नौजवान कमेटी सदस्य बिलाल मंसूरी ने बताया कि फातिमा मस्जिद में जुमा की नमाज़ से पूर्व इमाम आलिम अबू हाजिम ने रमज़ानुल मुबारक की अहमियत और फज़ीलत पर रोशनी डाली। उन्होंने रोज़ा, सब्र, इबादत और कुरआन की तिलावत के महत्व को समझाते हुए लोगों को नेक अमल अपनाने और समाज में सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया।

### बच्चों और युवाओं में उत्साह

पहले जुमा की नमाज़ को लेकर बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। अकीदतमंद खास पाक लिबास—कुर्ता-पायजामा, टोपी—और इत्र की खुशबू लगाकर मस्जिदों में पहुंचे।


महिलाओं ने भी घरों में रोज़ा रखकर नमाज़ अदा की और कुरआन की तिलावत व तस्बीह में समय बिताया।

### सामूहिक इफ्तार और दुआ

शाम को रोज़ेदारों ने मस्जिदों में सामूहिक इफ्तार किया। इस अवसर पर मुल्क में अमन-चैन, तरक्की, खुशहाली, आपसी मोहब्बत और इंसानियत की मजबूती के लिए विशेष दुआएं मांगी गईं।

**संदेश:** रमज़ान का पहला जुमा आपसी भाईचारे, सद्भाव और आध्यात्मिक एकता का प्रतीक बनकर उभरा, जिसने समाज में शांति और इंसानियत का पैगाम मजबूत किया।

## पूर्व मंत्री अनूप मिश्रा ने श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में किया अभिषेक-पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

पूर्व कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन एवं पूर्व सांसद अनूप मिश्रा का गुना आगमन एक निजी विवाह समारोह में सम्मिलित होने के सिलसिले में हुआ।

इस अवसर पर उन्होंने शहर के पुराना बस स्टैंड स्थित प्रसिद्ध श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर पहुंचकर बाबा पशुपतिनाथ जी का विधिवत अभिषेक-पूजन कर प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि की कामना की।मंदिर पहुंचने पर मंदिर परिवार एवं महिला मंडल की ओर से मिश्रा जी का पुष्पमालाओं से आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। उन्होंने मंदिर में दर्शन लाभ लेकर मुख्य पुजारी एवं उपस्थित श्रद्धालुओं से भेंट की और धार्मिक आयोजनों की सराहना की।

इस अवसर पर पशुपतिनाथ महादेव महिला मंडल की संगीता आर्य, गोमती ओझा, पुष्पा ओझा, दुलारी ओझा, ज्योति सेन, वरिष्ठ पत्रकार आनंद भार्गव, मुख्य पुजारी पंडित सुरेश भार्गव, पंडित मोहनीश भार्गव, हिमांशु धाकड़, राजपाल, संजय नामदेव, राजीव अग्रवाल, सुनील शर्मा, मनीष भार्गव, अमन राव, नमामि भार्गव, प्रियंका जाटव, नेहा भार्गव, ज्योति भार्गव, राम शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मिश्रा के आगमन से मंदिर परिसर में उत्साह का वातावरण रहा। मंदिर परिवार ने उनके उज्ज्वल राजनीतिक जीवन एवं स्वस्थ दीर्घायु की कामना की।



## कलेक्टर को जनसुनवाई में आवेदन दिया, सीएमओ ने की तुरंत कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन

वार्ड क्रमांक 02 बमुरिया रोड पर पानी की निकासी हेतु नाली निर्माण के सम्बंध में कार्यालय कलेक्टर जनसुनवाई में दिनांक 17.02.2026 को प्राप्त आवेदन के क्रम में दिनांक 19.02.2026 को मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश कुमार सोनी द्वारा उपयंत्री मोहित बिजोले के साथ मौका निरीक्षण किया गया। तथा मौके पर आवेदनकर्ताओं एवं स्थल निवासियों की समस्या को समझते हुए तत्काल पानी निकासी की वैकल्पिक व्यवस्था कराते हुए आगामी समय मे सक्षम स्वीकृति उपरान्त नाली निर्माण कराए जाने हेतु आस्वस्त किया गया।

# 22 फरवरी को सदर बाजार रामलीला मंच पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा

क्षेत्रवासियों के लिए एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन रविवार, 22 फरवरी 2026 को किया जाएगा। यह शिविर प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक सदर बाजार स्थित रामलीला मंच, चाचौड़ा में आयोजित होगा। शिविर में क्षेत्रभर से मरीज पहुंचकर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का निःशुल्क लाभ ले सकेंगे।

### अनुभवी चिकित्सकों की टीम देंगी सेवाएं

शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम अपनी सेवाएं प्रदान करेगी, जिसमें —डॉ. हिमांशु शर्मा (दंत रोग विशेषज्ञ)डॉ. सोनू शर्मा (नेत्र सहायक, बीनागंज)डॉ. ज्योति मीना (स्त्री रोग विशेषज्ञ)शामिल रहेंगे।नेत्र रोगियों के लिए विशेष सुविधाएंनेत्र रोग से संबंधित मरीजों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। शिविर में नेत्रों की संपूर्ण जांच, मोतियाबिंद रोगियों की जांच एवं परामर्श दिया जाएगा। ऑपरेशन हेतु चिन्हित मरीजों को पूर्णतः निःशुल्क उपचार सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। ऑपरेशन के बाद आवश्यक दवाइयां एवं चश्मा भी निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। साथ ही फेको सर्जरी (फोल्डेबल लेंस) की सुविधा तथा प्राइवेट एवं सेमी-प्राइवेट लेंस प्रत्यारोपण की व्यवस्था भी रहेगी।दंत एवं स्त्री रोगों का उपचारशिविर में दाढ़ दर्द, दांतों में कीड़ा, मसूड़ों की समस्या सहित सभी प्रकार के दंत रोगों का इलाज किया जाएगा।इसके अलावा स्त्री रोगों जैसे सफेद पानी की समस्या, मासिक धर्म की अनियमितता, अत्यधिक या कम रक्तस्राव, मासिक धर्म के दौरान दर्द, प्रसव पूर्व एवं प्रसवोत्तर संबंधित समस्याओं का उपचार भी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा।बीपी एवं शुगर की निःशुल्क जांचशिविर में आने वाले सभी मरीजों की रक्तचाप (बीपी) एवं शुगर की जांच भी निःशुल्क की जाएगी।




### जरूरतमंद मरीजों का किया जाएगा निःशुल्क ऑपरेशन

आयोजन समिति के अनुसार, शिविर में जांच के दौरान जरूरतमंद मरीजों को ऑपरेशन हेतु चिन्हित कर पूर्णतः निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। इस आयोजन में विजय सिंह रघुवंशी (अध्यक्ष) एवं रणछोड़ दास जी आश्रम, बीनागंज की व्यवस्थापक समिति का विशेष सहयोग रहेगा।अधिक से अधिक लोगों से लाभ लेने की अपीलआयोजक समिति ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लें तथा अपने परिवारजनों एवं परिचितों को भी इस जनहितकारी सेवा की जानकारी दें।

## कलेक्टर ने सेमरी शाहवाद में ग्राम पंचायत की आंगनबाड़ी का निरीक्षण कर निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा शुक्रवार को जनपद पंचायत अशोकनगर की ग्राम पंचायत सेमरी शाहवाद का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत के विकास कार्यो एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने सीईओ जनपद पंचायत को निर्देश दिए कि सभी ग्रामों पंचायतों में सामुदायिक एवं हितग्राहीमूलक कार्यो को प्राथमिकता के कराया जाए। उन्होंने ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा की नियमित बैठकों का आयोजन किये जाने के निर्देश दिए।

**आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का 07 दिवस का वेतन काटे जाने के निर्देश, सुपरवाईजर को नोटिस**


निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा आंगनवाडी केन्द्र सेमरी शाहवाद का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आंगनवाडी केन्द्र पर विभिन्न पंजी संधारित नही पाये जाने पर आंगनवाडी कार्यकर्ता का 07 दिवस का वेतन काटे जाने के निर्देश दिए। साथ ही सेक्टर सुपरवाईजर को कारण बताओ नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान आशा कार्यकर्ता से टीकाकरण की विस्तृत जानकारी ली एवं समय पर टीकाकरण कराये जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शासकीय स्कूल के सामने रखी गुमठी को मौके से हटाये जाने के निर्देश दिए। इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के समस्त स्कूलों के पास गुटखा तम्बाकू सामग्री बेचने वाले गुमठियों को हटाने जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शैलेन्द्र यादव एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## रमजान का पहला जुमा अल्लाह से मांगी अमन ओ चैन की दुआ

**पिपरई।** इस बार रमजान के महीने में 5 जुमा पडेगें, यह पहला जुमा था। मुस्लिम समाज का बरकतों का महीना लोग अल्लाह की इबादत में ज्यादा से ज्यादा समय बिता रहे हैं। रमजान के पहले जुमा को रोजेदारों ने दूसरा रोजा रखा इस मौके पर मुफ्ती मोहम्मद आमिर ने बयानों में बताया कि मंजिल तक पहुंचना तब आसान हो जाता है जब राह सीधी हो मजहब इस्लाम मे रोजा रहमत ओर राहत का रहबर है।



**अल्लाह के दरबार में मांगी दुआ**

रमजान के पहले जुमे की नमाज के बाद जामा मस्जिद में अल्लाह से अमन ओर शांति की दुआ के लिए हाथ उठा कर दुआ मांगी। अमन चैन भाईचारा का माहौल बना रहे। फिरका परस्तों का खात्मा हो। मजबूर लाचार बे सहाराओं की हिफाजत फरमा बेरोजगारों को हलाल रोजी रोटी का इंतजाम कर दे। अल्लाह हमें दिन ओर हुजूर के बताए रास्ते पर चलने बाला बना दे। अल्लाह हमारे जितने भी बुजुर्ग दीन इस दुनिया से रुखसत हो गए, उनकी मगफिरत फरमा दे आमीन।

### जिले में किए गए मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गर्रोली निवासी छोटा अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गोलू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी कुंवरलाल पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मोनू लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मोहनपुरा निवासी रामनिवासी प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी वीरभान और वीरसिंह लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मठया निवासी बालाराम आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हल्के आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## थूवोनजी में चल रहा है असीम क़ालीन भक्तांबर विधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

अंचल के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी के खड़े बाबा भगवान आदिनाथ स्वामी के दरवार में भक्तों द्वारा भगवान का कलशाभिषेक किया गया। इस दौरान जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा की गई जिसका सौभाग्य सौधर्म इन्द्र वनकर जैन समाज अशोक नगर के मंत्री विजय धुर्रा इंसान इन्द्र दर्शनोदय थूवोनजी के मंत्री शैलेन्द्र दददा सनत इन्द्र मंत्री प्रदीप जैन रानी पिपरई महेन्द्र इन्द्र वनकर सुमित जैन ने सौभाग्य प्राप्त किया।

इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ने इस तीर्थ के उद्धार के लिए इस अंचल के भक्तों से जोड़ा अब रोज रोज भक्तों के समूह पिपरई, मुंगावली, शाढ़ौरा, अशोकनगर से थूवोनजी आ रहे हैं। जगत कल्याण की कामना करते हुए भगवान के चरणों में जगत के सुख शांति समृद्धि की कामना करते हुए भगवान की भक्ति से अपने आप को जाडते है। यहां असीम क़ालीन भक्तावरविधान का सौभाग्य हम सब को परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के आशीर्वाद से मिल रहा है।



## अपहत नाबालिग बालिका को मात्र 24 घंटे में किया दस्तयाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

थाना प्रभारी बहादुरपुर उप निरीक्षक नीलम यादव द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये अपहर्ता को मात्र 24 घण्टे में दस्तयाव कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि 18 फरवरी को फरियादी द्वारा अपनी 17 वर्षीय नावालिग बालिका के घर से बिना बताये कही चले जाने एवं अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने की थाने पर रिपोर्ट की थी।

इस पर धारा 137(2) बीएनएस का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी बहादुरपुर उनि. नीलम सिंह यादव को प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में थाना प्रभारी बहादुरपुर उनि. नीलम सिंह यादव द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये टीम गठित कर पीडिता को बीना रेल्वे स्टेशन से दस्तयाव कर पीडिता के कथन कराये गये जिसमें पीडिता ने अपने कथनो में आरोपी अरुण पिता राजाराम अहिरवार उम्र 19 साल निवासी ग्राम तूमैन जोगिया चक्क थाना कचनार के द्वारा बहला फुसलाकर ले जाना एवं गलत काम करना बताया। पीडिता के कथनो के आधार पर प्रकरण में सुसंगत धाराऐं ईजाफा की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल अशोकनगर में दाखिल किया गया।




चना एवं मसूर के पंजीयन शुरू, किसान फसल बेचने के लिए कराएं नाम दर्ज

# पंजीयन 16 मार्च तक चलेंगे, 42 केंद्र निर्धारित किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

शासन के निर्देशानुसार रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में ई-उपार्जन पोर्टल पर 20 फरवरी 2026 से 16 मार्च 2026 तक चना एवं मसूर के पंजीयन किया जाना है। गेहूं पंजीयन हेतु निर्धारित किये गये 42 केन्द्रों को चना एवं मसूर के कृषक पंजीयन करने हेतु पंजीयन केन्द्र निर्धारित किया गया है।

जारी आदेश के तहत तहसील अशोकनगर के 10 पंजीयन केन्द्र बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था 2 मर्या. अशोकनगर -1 समिति मुख्यालय, बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. अशोकनगर -2 तूमैन, बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. नारायणपुर समिति मुख्यालय,बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.कचनार -1समिति मुख्यालय, बहु. प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. कचनार -2खैजरा कलां, बहु. प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. रॉवसर समिति मुख्यालय, बहु. प्राथमिककृषि साख सहकारी संस्था मर्या. रातीखेडा समिति मुख्यालय,बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या ऊॅमरीसमिति मुख्यालय, बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या धुर्रा समिति मुख्यालय,बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या बरोदिया समिति मुख्यालय निर्धारित किये गये है।

### शाढ़ौरा में 5 पंजीयन केन्द्र

तहसील शाढौरा के 05 पंजीयन केन्द्र बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.करख्या -1समिति मुख्यालय,बहु. प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.करख्या -2शाढौरा, बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.कुंदौरा समिति मुख्यालय, बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.झीला हिनोतिया समिति मुख्यालय, बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.काकडा समिति मुख्यालय निर्धारित किये गये है।

### ईसागढ के 06 पंजीयन केन्द्र

तहसील ईसागढ़ के 06 पंजीयन केन्द्र बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. ईसागढ-1समिति मुख्यालय, बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.ईसागढ -2कदवाया,बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. ढाकोनी समिति मुख्यालय, बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.पारसोल समिति मुख्यालय,बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था2 मर्या.बमनावर समिति मुख्यालय, बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.महुअन समिति मुख्यालय निर्धारित किया गया है।

### नईसरायं में 04 पंजीयन केन्द्र

तहसील नईसराय के 04 पंजीयन केन्द्र बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. रावसरजागीर समिति मुख्यालय, बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.कालाबांग समिति मुख्यालय, बहु. प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. नईसराय समिति मुख्यालय, बहु. प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.महिदपुर समिति मुख्यालय निर्धारित किये गये है।

### मुंगावली में 08 पंजीयन केन्द्र

तहसील मुंगावली के 08 पंजीयन केन्द्र बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. मुंगावली समिति मुख्यालय,बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.मल्हारगढ-1 समिति मुख्यालय,बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.मल्हारगढ -2कुकावली, बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.नादनखेडी समिति मुख्यालय,बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.गदूली-1 समिति मुख्यालय, बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.गदूली -2बहादुरपुर, बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.डोंगरा-1 समिति मुख्यालय, बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.डोंगरा-2 सहराई निर्धारित किये गये है।

### पिपरई में 04 पंजीयन केन्द्र

तहसील पिपरई के 04 पंजीयन केन्द्र बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.पिपरई -1 समिति मुख्यालय, बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.पिपरई-2सिंघाडा,बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.मूडरा बहादरा समिति मुख्यालय,बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.खोरीवरी समिति मुख्यालय निर्धारित किये गये है।

### बहादुरपुर में 3 पंजीयन केन्द्र

तहसील बहादुरपुर के 03 पंजीयन केन्द्र बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.अथाईखेडा-1 समिति मुख्यालय, बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.अथाईखेडा-2 बंगला चैराहा, बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.ओडेंर समिति मुख्यालय निर्धारित किये गये है।

### चन्देरी में 2 पंजीयन केन्द्र

तहसील चंदेरी के 02 पंजीयन केन्द्र बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.रामनगर-1 चंदेरी,बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.रामनगर-2 गोरा कलां निर्धारित किये गये है।

### पंजीयन का कार्य 07 मार्च तक

गेंहू उर्पाजन हेतु किसान पंजीयन का कार्य 07 मार्च 2026 तक किया जाना है। कृषक अपनी गेंहू की फसल का पंजीयन अंतिम तिथि के पूर्व निर्धारित पंजीयन केंद्र पर निशुल्क एवं एम.पी. ऑनलाईन कियोस्कज कॉमन सर्विस सेंटर पर सशुल्क 50 रूपये में अपना पंजीयन करा सकते है।

## खबर संक्षेप



### 5वीं और 8वीं कक्षा की बार्षिक परीक्षा संपन्न

**पिपरई।** संदीपनि स्कूल पिपरई मे समस्त स्कूल के छात्र व छात्राओं ने हिंदी विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमे प्राचार्य मंगलेश शर्मा ने बताया कि समस्त छात्र व छात्राओं की सख्या कक्षा 5वी के छात्र 307 और कक्षा 8वी के 279 छात्र व छात्राऐं थी जिसमें 51 छात्र अनुपस्थित रहे । बच्चों ने कहा कि हिंदी विषय का पेपर बहुत ही आसान पेपर था। हम सभी ने समय से पेपर पूरा कर लिया था। बोर्ड की परीक्षा होने का जो डर हम क़ो लग रहा था, पेपर सरल होने से वह डर भी हमारे अंदर से निकल गया।

### महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** चंदेरी थाने के अंतर्गता ग्राम सरसैला निवासी कमला बाई बंजारा उम्र 48 साल ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत राजपाल पुत्र सीताराम अहिरवार निवासी भादौन उम्र 22 साल को जिला अस्पताल अशोकनगर में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था जहां संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गई पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### जनगणना संबंधी दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

**अशोकनगर।** शुक्रवार को जनगणना 2027 संबंधी दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जनगणना कार्यालय भोपाल से पधारे जिला प्रभारी जनगणना जमीन खान, प्रशिक्षक रजनीश भार्गव हेतु नियुक्त प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों तथा चार्ज अधिकारियों को कर्तव्यों एवं कार्यो को संपादित किये जाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर समस्त अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी (एनआईसी), समस्त तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी, नायब तहसीलदार एवं अतिरिक्त चार्ज अधिकारी जनगणना ग्रामीण समस्त सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### ग्राम अमोदा में किसानों से कलेक्टर ने की चर्चा

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा शुक्रवार को भ्रमण के दौरान ग्राम अमोदा में किसानों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना(एफपीओ) के तहत किसानों को सामूहिक रूप से कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाए। एफपीओ के माध्यम से पशुपालन, डेयरी यूनिट,सब्जी,प्रोसेसिंग यूनिट के संबंध में किसानों को जागरूक किया जाए।

## पेड़ों की कटाई से लोगों में आक्रोश, अधिकारी कार्रवाई करने से बचते आए नजर

# वन विभाग ने मुंगावली में कई हरे भरे पेड़ कटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर मुंगावली कस्बे में आम जनों द्वारा पेड़ काटे जाएं तब तो अलग बात है लेकिन वन विभाग ही पेड़ों पर आरी चलवा दे तो इसे क्या कहा जाएगा। क्या वन विभाग के अधिकारी बिना नियमों का पालन किए ऐसे हरे भरे पेड़ों को कैसे काट सकते हैं, यह सवाल वन विभाग की कार्यवाही को लेकर उठ रहे हैं। मुंगावली वन विभाग परिसर में अनेक हरे भरे कटे पेड़ पड़े हैं।

मुंगावली में वन विभाग के द्वारा पेड़ों की कटाई जिस तरह से कराई गई है उसने स्थानीय लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया है। बहादुरपुर रोड जेल तालाब के पास स्थित वन विभाग की कस्बा रेंज नर्सरी है जिसमें वन विभाग के ही रेंजर, बीट गार्ड, आरक्षक और मीटिंग ऑफिस एवं रेजिडेंट क्वाटर बने हुए है जिनमें स्टाफ रहता भी है। इसी नर्सरी में लगे 40 से 45 बर्ष पुराने हरे भरे यूकेलिप्टस के 6 पेड़ और एक इमली फलों से लदी थी इन पेड़ो को जड़ से काट दिया गया है। इन पेड़ो की साइज इतनी बड़ी थी कि कटी लकड़ियों को कई ट्रकों में भर कर ले जाया जायेगा।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार वन विभाग का मूल कार्य जंगलों एवं पेड़ पौधों की सुरक्षा करना तथा नए पेड़ लगाना है और वन विभाग के द्वारा ही पेड़ो को कटवाया गया है जबकि प्रधानमंत्री द्वारा सभी से आवाहन किया गया है कि सभी लोग कम से कम एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं। जिसके लिए अभियान चलाया गया है। इसके बावजूद वन विभाग ने हरे भरे पेड़ो को वन विभाग के नुमाइंदों की मौजूदगी में सारे नियम कायदों को ताक पर रख कर कटवा दिया गया है। पेड़ काट रही लेवर से पूछा गया तो उनका कहना था कि इन पेड़ो को हमारे मालिक ने रेंजर से खरीदे हैं वो ही कटवा रहे हैं।

### पेड़ों को काटना अत्यंत निंदनीय-पूर्व नपा अध्यक्ष सुरेन्द्र रघुवंशी

स्थानीय पर्यावरण प्रेमियों एवं पूर्व नगरपरिषद अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह रघुवंशी का कहना है कि इन पेड़ो को काटे जाने की कार्यवाही की कड़ी निंदा की है। उनका कहना है कि यदि सुरक्षा का खतरा था तो पेड़ो की ट्रिमिंग या अन्य वैकल्पिक उपाय अपनाए जा सकते थे न कि पुरी तरह जड़ से काटकर नष्ट किया जाना चाहिए यह कार्यवाही न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है बल्कि वन विभाग की वनों के प्रति विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े करती है हालांकि अशोकनगर से वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क करने पर अलग तस्वीर सामने आई है।

### पेड़ों की कटाई की वन विभाग ने कोई अनुमति नही दी-डीएफओ

प्रतिभा अहिरवार जिला वन मंडला अधिकारी ने कहा कि उनकी जानकारी में इस तरह की कोई पेड़ कटाई की अनुमति विभाग द्वारा नहीं दी गई है। उन्होंने मामले की जांच करवाने की बात कही है इसी प्रकार एसडीओ वन विभाग चंदेरी आदित्य शांडिल्य ने भी स्पष्ट किया है कि पेड़ो को काटे जाने की कार्यवाही उनकी जानकारी में नही है उन्होंने भी जांच कराने की बात की है।

### यह पेड़ किसी के ऊपर भी गिर सकते थे-वन रेंजर ऋषि प्रजापति

रेंजर ऋषि प्रजापति ने पेड़ कटवाने का कारण भी अजीब बताया उनका तर्क ये पेड़ झुक रहे थे कभी किसी के ऊपर गिर सकते थे जिससे कोई भी जन हानि होने की आशंका थी, इसलिए इन्हें कटवाया गया है। कटे पेड़ों को डिपो भेज दिया जायेगा।




### आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा की तैयार

**अशोकनगर।** लायंस हेल्पिंग हैंड ने लायन सुनीता जैन कि अध्यक्षता में बैठक कर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की। कार्यक्रम में सभी सदस्य लाल पोशाक पहन कर आए और कई खेल खेले गए। क्लब डायरेक्टर पीएमजेफ लायन वैशाली सलूजा ने बताया कि फेलोशिप की तर्ज पर लायंस हेल्पिंग हैंड क्लब ऐसे कार्यक्रम निरंतर करता रहता है। साथ ही सदस्यों द्वारा आने वाले महीने में किए जाने वाले सेवा कार्यों और गतिविधियों पर चर्चा करी एवं सुनिश्चित किया कि कौन संयोजक रहेंगे। कार्यक्रम में लायन कविता साहू,लायन वैशाली सलूजा,सचिव लायन रानी अहिरवार, मिथलेश यादव, रीना यादव, चंद्रेश यादव प्रथम उपाध्यक्ष लायन किरण कुशवाह सहित अन्य अतिथि उपस्थित रही।

# पंजाबी महिला विकास समिति ने सेवा सप्ताह के तहत कार्यक्रम किए आयोजित



**अशोकनगर।** पंजाबी महिला विकास समिति ने 7 दिवसीय सेवा सप्ताह के अंतर्गत दो अलग अलग कार्यक्रम आयोजित किए। जिसमें पहला गरीबों को भोजन प्रदाय किया गया और दूसरा कार्यक्रम गायों के स्वास्थ्य को लेकर जांच शिविर लगाया गया।

पंजाबी महिला विकास समिति द्वारा बालाजी मंदिर, शनि मंदिर ,तुलसी सरोवर के पास वाली बस्ती में जाकर भोजन वितरित किया समिति के सदस्यों ने स्वयं उपस्थित रहकर सबको प्रेम से भोजन परोसा। कार्यक्रम के दौरान पंजाबी समिति की अध्यक्ष गायत्री अरोड़ा ने बताया के समाज के कमजोर वर्ग की सेवा करना हमारा नैतिक कर्तव्य है उन्होंने कहा कि भोजन जैसी मूलभूत आवश्यकता की पूर्ति करना हमारा सबसे बड़ा कर्तव्य है भोजन वितरण के समय लोगों के चेहरे पर खुशी और संतोष साफ दिखाई दिए कुछ जरूरतमंद परिवारों ने समिति के इन प्रयासों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

गौमाताओं की स्वास्थ्य की जांच पड़ताल कर उन्हें औषिधि युक्त सामग्री खिलाई गई। पंजाबी महिला विकास समिति द्वारा गौ माता की सेवा के उद्देश्य से एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया इस अवसर पर गौ माता के स्वास्थ्य की जांच पशु चिकित्सकों की देखरेख में करवाई गई और आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत



गौ माता को ताजा और पौष्टिक हरा चारा ,गुड़ ,केले और अन्य पौष्टिक आहार खिलाया गया। गौ माता की सेवा करना हमारा केवल धार्मिक कर्तव्य ही नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। समिति की अध्यक्ष गायत्री अरोड़ा ने बताया की समिति द्वारा आगे भी समय-समय पर ऐसी स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे ताकि गोवंश स्वस्थ एवं सुरक्षित रह सके। ऐसे कार्यक्रम समाज में पशु सेवा और करुणा की भावनाको मजबूत करते हैं। वैसे भी कहा गया है कि ,जहां गौ माता का सम्मान होता है वही भगवान का वास होता है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत गायत्री अरोड़ा के साथ सचिव मीता सदाना,रोशनी आदि सदस्यों ने अपना सहयोग दिया। और अंत में समिति द्वारा गौ माता के स्वास्थ्य जांच के लिए आए डॉक्टर्स का सम्मान किया गया।

### आदतन आरोपी के खिलाफ जिला बदर की मांग, कलेक्टर और एसपी को सौंपा आवेदन

**अशोकनगर।** शहर के शंकर कॉलोनी निवासी प्रदीप उर्फ सरदार पुत्र देशा सिंह सिख के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर अधिवक्ता अनिल अग्रवाल ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपा है। आवेदन में आरोपी को आदतन अपराधी बताते हुए जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उसे अशोकनगर से बेदखल करने की मांग की गई है। आवेदन के अनुसार प्रदीप सरदार के विरुद्ध 20 से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें हत्या जैसे गंभीर अपराध भी शामिल बताए गए हैं। उल्लेख किया गया है कि वह अप्रैल 2025 में थाना बहादुरपुर के ग्राम कुलुआ हत्याकांड में सर्वोच्च न्यायालय से सशर्त जमानत मिलने के बाद जेल से रिहा हुआ था। आरोप है कि जेल से बाहर आने के बाद भी उसके व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ और उसने अवैध कच्ची शराब का कारोबार शुरू कर दिया, जिस पर थाना देहात में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज हुआ। अधिवक्ता अनिल अग्रवाल ने आवेदन में आरोप लगाया है कि 15 दिसंबर 2025 को प्रदीप सरदार ने उन पर जानलेवा हमला किया, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका करीब 20 से 22 दिनों तक भोपाल में उपचार चला। इस मामले में 18 फरवरी 2026 को सेशन न्यायालय अशोकनगर से आरोपी को सशर्त जमानत मिल गई है। आवेदक ने इसे गंभीर विषय बताते हुए आशंका जताई है कि आरोपी पुनः किसी बड़ी वारदात को अंजाम दे सकता है। आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपी को कुछ पुलिसकर्मियों का संरक्षण प्राप्त है।

# राजस्व न्यायालयों में कोई भी राजस्व प्रकरण लंबित न रहेः कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्देश दिए कि सभी राजस्व लक्ष्यों को समय सीमा में पूर्ण किया जाए। राजस्व आय के स्त्रोत बढाये जाएं। साइबर तहसील से जुडे लंबित मामलों का निराकरण करें।

सीमांकन के प्रकरणों में एसडीएम सप्ताह में एक दिन मौके पर पहुंचकर सीमांकन की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। बैठक में फॉर्मर रजिस्ट्री को लेकर चर्चा की गई और इसके महत्व पर जोर दिया गया। स्वामित्व सत्यापित करने,राजस्व वसूली,सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी, भू- अर्जन,भूमि आवंटन,भू-अधिग्रहण, समग्र का आधार से ई- केवायसी की स्थिति, डिजीटल क्राप गिरदावरी, ई-ऑफिस संचालन, न्यायालयीन प्रकरणों का निराकरण, नामांतरण, बटवारा,सीमांकन, फॉर्मर रजिस्ट्री,स्वामित्व योजना के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों की अधिकारीवार प्रगति की गहन समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि शासन की मंशानुरूप जिले में आमजन को राजस्व विभाग अंतर्गत सेवाओं का समय सीमा में लाभ मिलें। इस हेतु राजस्व अधिकारी अपने कर्तव्यों का भलीभांति निर्वहन करते हुए राजस्व सेवाएं प्रदान करें। समस्त विभागीय योजनाओं में राजस्व अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इसका पूर्ण निर्वहन करें।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि राजस्व अधिकारी राजस्व न्यायालयों में कोई भी राजस्व प्रकरण लंबित न रहे यह सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त न्यायालयों में आदेशों का रिकार्ड में अमल करायें। उन्होंने निर्देशित किया कि न्यायालयों में भूमि आवंटन एवं भू-अर्जन के अमल का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। किसी कारण से खसरे में अमल नही हुआ है,तो उसका कारण सहित जबाव प्रस्तुत करें। बैठक में निर्देशित किया कि राजस्व न्यायालयों में लंबित न्यायालयीन प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत किया जाए। उन्होंने समस्त एसडीएम को निर्देशित किया कि अनुभाग अंतर्गत संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकानें समय पर खुले यह सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला एवं तहसील स्तर पर राजस्व रिकॉर्ड रूम का संचालन व्यवस्थित रूप से हो यह सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निराकरण,ग्राम सभाओं के प्रस्तावों पर आवश्यक निर्णय लिये जाने,नल जल योजनाओं का विधिवत संचालन तथा जानकारी संग्रहित किये जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही वरिष्ठ कार्यालयों एवं जनप्रतिनिधियों से प्राप्त होने वाले पत्रों का उत्तर समय सीमा में दिये जाने के निर्देश दिए। बैठक में जनगणना 2027 के संबंध में आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गए।

**राजस्व अधिकारियों को किया सम्मानितः** बैठक में कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा एसआईआर कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने पर राजस्व अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## गौ-शाला में जन अभियान परिषद द्वारा भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया




**ईसागढ़।** ग्राम पंचायत कन्हेरा के ग्राम अमाई स्थित गौ-शाला में जन अभियान परिषद द्वारा भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर गौ-शाला में संरक्षित गायों को चारा खिलाया गया तथा उनकी देखभाल एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक अधिकारी बद्री प्रसाद चैहान, ब्लॉक समन्वयक अधिकारी द्वारका प्रसाद पाठक, गौ-शाला के संचालक राजेश सिंह रघुवंशी एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति महाना के अध्यक्ष वृजेश धनोरिया उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने किया ग्राम बामोरी ताल गौशाला का किया निरीक्षण

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा शुक्रवार को भ्रमण के दौरान जनपद पंचायत अशोकनगर के ग्राम बामोरीताल की नंदिनी गौशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में नाडेप का निर्माण कराये जाने एवं दुधारू पशु को रखे जाने के निर्देश दिए। गौशाला के पास सार्वजनिक तालाब का निर्माण कराये जाने के निर्देश दिए। साथ ही गौमाता को हरा चरा खिलाया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शैलेन्द्र यादव एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



# रावसर में विधिक जागरूकता शिविर हुआ आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में व जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा, विष्णु नारायण विरथरे की उपस्थिति में ग्राम पंचायत रावसर में विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय और समानता के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम (नालसा) की "गरीबी उन्मूलन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कानूनी सेवाएं योजना, 2015" के अंतर्गत आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन, विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्गों को उनके विधिक अधिकारों एवं सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना था। शिविर में उपस्थित नागरिकों को निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, पीड़ित प्रतिकर योजना, महिला एवं बाल संरक्षण संबंधी कानूनों तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही बताया गया कि प्रत्येक नागरिक को न्याय तक समान पहुंच सुनिश्चित करना शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीणों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या होने पर निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## रैली का किसानों ने किया स्वागत, जनसभा का भी हुआ आयोजन

# किसान जागृति यात्रा अशोकनगर पहुंची, रैली में किसान हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान में 7 फ़रवरी से कन्याकुमारी से कश्मीर तक की किसान जागृति यात्रा का आज 14वें दिन मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले के किसानों ने हजारों ट्रैक्टरों के साथ ट्रैक्टर मार्च करके ज़ोरदार स्वागत किया। जिसके समापन पर एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में सड़क पर उतरे किसानों के ट्रैक्टरों ने बता दिया कि एमएसपी गारंटी कानून बनने तक किसानों का निरन्तर संघर्ष जारी रहेगा और भारत-अमेरिका में मध्य हुए व्यापार समझौते को देश के किसान कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे।

किसानों को सम्बोधित करते हुए जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि विश्व व्यापार संगठन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव में अमेरिका-भारत के मध्य हुए मुक्त व्यापार समझौते का नकारात्मक प्रभाव केवल भारतीय किसानों और भारतीय कृषि क्षेत्र पर ही नहीं पड़ेगा बल्कि देश का हर आम उपभोक्ता इससे प्रभावित होगा क्योंकि विदेश से आयात किए गए जीएम बीजों से पैदा हुए अनाज का उपभोग करने से मनुष्य के स्वास्थ्य पर घातक असर होगा। जीएम अनाज मनुष्य के जीन्स एवम डीएनए को बदलने का माध्यम भी बन सकते हैं। भारत सरकार देश की जनता को इस बात के लिए आश्वस्त करने में पूरी तरह से नाकाम साबित हुई है कि जीएम बीजों का मनुष्य के स्वास्थ्य पर कोई विपरीत असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित बीज बिल में ऐसा प्रावधान किया गया है कि विदेश में तैयार किया गया फ़सलों का बीज जोकि जीएम बीज भी हो सकता है, वह भारत में बिना किसी रोक-टोक के व भारतीय लाइसेंसिंग अथवा प्रमाणीकरण प्रक्रिया से गुजरे बिना ही भारतीय किसानों को बेचा जा सकेगा। इसलिए देशवासियों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ की संभावना को रोकने के लिए भारत के परंपरागत बीजों को बचा कर रखना अति आवश्यक है।

किसान नेता जसदेव सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश के किसानों को मक्के एवम सोयाबीन का एमएसपी पहले ही नहीं मिल रहा था और अब भारत-अमेरिका के मध्य मुक्त व्यापार समझौते के फ्रेमवर्क पर हस्ताक्षर होने के बाद सोयाबीन और मक्के के दाम ओर ज्यादा गिर गए हैं। उन्होंने कहा कि एमएसपी गारंटी कानून बनवाने के लिए एवं भारत- अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते से खेती, डेयरी और पोल्ट्री सेक्टर को पूर्ण तौर पर बाहर करवाने के लिए मध्यप्रदेश के किसान बड़ी संख्या में 19 मार्च को दिल्ली के रामलीला ग्राउंड में पहुंचेंगे।

जनसभा आयोजित करने के बाद किसानों ने एडीएम के माध्यम से स्थानीय और राष्ट्रीय मांगों पर मुख्यमंत्री मोहन यादव जी एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम के ज्ञापन सौंपे। अशोकनगर के बाद किसान जागृति यात्रा का पडोड़ा, कोलारस, शिवपुरी इत्यादि क़रीब 10 से अधिक स्थानों पर स्वागत किया गया। आज रात्रि ग्वालियर पहुंचने के बाद किसान जागृति यात्रा कल 21 फरवरी को उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी जहां कानपुर में किसान पंचायत का आयोजन किया जाएगा। रैली में मुख्य तौर पर जगजीत सिंह, डल्लेवाल, अभिमन्यु कोहाड़, जसदेव सिंह, धर्मपाल सिंह संधू, अरुण पटेल, बृजेश चैरे, संतोष नागर, सतेंद्र सिंह धाकड़, दिगपाल यादव, कृष्णपाल यादव, कृष्णा बैरागी, राजिद अहमद खान, रणवीर सिंह राही, अजय रघुवंशी, भरत सिंह, जसवंत सिंह राही, तसवीर सिंह संधू, जसपाल सिंह भिंडर, बूटासिंह सिंह ढिल्लों, मनिंदर सिंह भुल्लर, वीरेंद्र संधू, इंदरजीत सिंह पन्नीवाला, सोनू औलख, हर्षदीप सिंह गिल, महावीर सहारण आदि मुख्य तौर पर मौजूद रहे।

## नरसिंहगढ़ महोत्सव की वाटर स्पोर्ट्स तक व्यापक कार्ययोजना तैयार

# मालवा के कश्मीर को पर्यटन की नई ऊंचाईयां देने की दिशा में बढ़े कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



मालवा के कश्मीर कहे जाने वाले शहर नरसिंहगढ़ में जल्दी ही व्यापक कार्ययोजना पर काम चालू किया जाएगा जिससे वहां पर पर्यटकों के लिए अच्छा माहौल दिया जा सके। पर्यटन गतिविधियों की समीक्षा बैठक कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, वनमंडलाधिकारी बैनी प्रसाद दौतानिया सहित संबंधित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने आगामी महीनों में नरसिंहगढ़ महोत्सव आयोजित करने के निर्देश दिए। इसके लिए विस्तृत एवं समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए, ताकि आयोजन को भव्य एवं व्यवस्थित रूप दिया जा सके।

### जल्दी होगीं कैंपिंग, बोटिंग एवं जिप्सी भ्रमण की व्यवस्थाए विकसित

इसके साथ ही बैठक में चिड़ीखो अभयारण्य में कैंपिंग, बोटिंग एवं जिप्सी भ्रमण की व्यवस्थाओं को विकसित करने पर चर्चा की गई। पर्यटकों के लिए सुरक्षित एवं आकर्षक सुविधाएँ उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया। मोहनपुरा डैम के समीप कृषि धाम स्थापित करने तथा वहाँ मत्स्य पालन एवं पशुपालन गतिविधियाँ प्रारंभ कराने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही मोहनपुरा डैम में जल क्रीड़ाओं को बढ़ावा देने के लिए जल संसाधन विभाग को पत्राचार कर आवश्यक अनुमति प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया।जिला संग्रहालय को बड़े महल में स्थानांतरित कर राजगढ़ के इतिहास, संस्कृति एवं विरासत को व्यवस्थित रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए।

### *हटाया जाएगा पर्यटन स्थलों से अतिक्रमण*


*जिले के प्रयटक स्थलों पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है , जिससे सारंगपुर के पर्यटन स्थलों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि पर्यटकों को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित वातावरण मिल सके। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि जिले की पर्यटन गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार सोशल मीडिया के माध्यम से किया जाए, जिससे अधिक से अधिक पर्यटक आकर्षित हो सकें।*

# जिला अस्पताल में किडनी रोगियों की डायलिसिस के लिए आई नई मशीनें

## 2 नई मशीन एवं 4 पुरानी मिलाकर कुल 6 से होगा इलाज

### एक मशीन प्रतिदिन मिलेगा 2 से 3 मरीजों को फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा




दिनों दिन बढती जा रही किडनी रोगियों की संख्या को देखते हुए जिला अस्पताल प्रबंधन नें कुछ समय पूर्व डायलिसिस मशीनों की मांग रखी थी जिसको न केवल स्वीकृती मिली बल्कि मशीनों को जिला अस्पताल पहुंचा दिया गया है। गुरूवार को 2 नई डायलिसिस मशीनें जिला अस्पताल पहुंची। अब कुल मिलाकर 6 डायलिसिस मशीन हो गई है जिससे किडनी रोगियों को और जल्दी सुविधा का मिल सकेगी। जिला अस्पताल की सूची में 31 किडनी मरीजों की सूची है जिनको लगातार डायलिसिस की आवश्यकता पडती है। भविष्य मे किडनी मरीजों की संख्या को ध्यान में रखकर सिविल सर्जन ने नई मशीनों की मांग की थी जो विभाग द्वारा पूरी कर दी गई है जिसका सीधा लाभ मरीजों को मिलेगा।

### एक दिन में 3 मरीजों का हो पाएगा डायलिसिस

एक मरीज का डायलिसिस करने में लगभग 4 घंटे लगते है तो कम से कम 2 और अधिक से अधिक 3 मरीजों का डायलिसिस प्रतिदिन किया जा सकता है। इससे जो मरीज समय के अभाव के कारण भोपाल या इंदौर जाते थे उन्हें भी राहत मिलेगी।

### विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अन्तर्गत बैठक का आयोजन आज

**ब्यावरा।** विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अन्तर्गत फोटो निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में प्रातः 11 बजकर 30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की जाएगी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रताप सिंह चैहान द्वारा सभी से अपेक्षा की गई है कि उक्त बैठक में अनिवार्य रूप से नियत समय एवं तिथि पर उपस्थित रहना सुनिश्चित करें।

# कार खड़ी करने को लेकर खूनी संघर्ष, दोनों पक्षों पर मामला दर्ज




**सारंगपुर।** शहर के नयापुरा मोहल्ले में गुरुवार को एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच कार खड़ी करने की मामूली बात ने हिंसक रूप ले लिया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से जमकर पत्थरबाजी हुई, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना में कई लोग घायल हो गए, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक पक्ष द्वारा प्लॉट पर कार खड़ी करने को लेकर आपत्ति जताई गई थी। इसी बात पर कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट और पत्थरबाजी में बदल गई। दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और एक-दूसरे पर पत्थर बरसाए। घटना के दौरान एक कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया, लेकिन स्थिति बिगड़ती चली गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात पर काबू पाया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया और क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है। अपराध क्रमांक 123ध्26 में फरियादी जाकिर खा की रिपोर्ट पर अनीस पिता चांद खा, अरबाज, अमीन, रईस एवं अरशद के खिलाफ धारा 296धए, 115ध2, 351ध3 (5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं अपराध क्रमांक 125ध26 में फरियादी अनीस पिता चांद खा की रिपोर्ट पर जाकिर, नशीर, जाहिद एवं शाकिर के विरुद्ध धारा 296धए, 115ध2, 351ध3, 324ध5, 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले में थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने बताया कि मामले की जांच जारी है तथा दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

## जिला प्रशासन ने की सराहना, प्रदान किया प्रशंसा पत्र

# शासकीय विद्यालय निर्माण में किया सहयोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

समाज में शिक्षा के प्रति समर्पण और जनभागीदारी का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नरसिंहगढ़ क्षेत्र के ग्राम बाड़ी ग्राम पंचायत चैनपुरकलां में शासकीय प्राथमिक विद्यालय के निर्माण में निजी व्यय से विशेष सहयोग प्रदान किया गया। इस सराहनीय पहल पर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा देवेंद्र सिंह राठौड़ को प्रशंसा-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि जब समाज के सजग नागरिक शिक्षा जैसे पवित्र कार्य में आगे आते हैं, तो विकास की गति कई गुना बढ़ जाती है। विद्यालय निर्माण में दिए गए सहयोग से विद्यार्थियों को बेहतर अधोसंरचना और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण प्राप्त होगा, जो उनके सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होगा।उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सशक्त समाज की आधारशिला है। ऐसे प्रयास न केवल बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को दिशा देते हैं, बल्कि पूरे क्षेत्र में प्रेरणा का संचार करते हैं। यह पहल "सबका साथ, सबका विकास" की भावना को साकार करती है और जनभागीदारी आधारित विकास मॉडल को मजबूत करती है।

साथ ही विद्यालय परिवार एवं ग्रामवासियों ने भी इस योगदान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहयोग से बच्चों को सुरक्षित, सुविधा जनक और प्रेरक शिक्षण वातावरण मिलेगा। जिला प्रशासन ने आशा व्यक्त की है कि समाज के अन्य नागरिक भी शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास के क्षेत्रों में इसी प्रकार आगे आकर सहभागिता निभाएँगे, ताकि जिले को प्रगति की नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया जा सके।



# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में किया मंत्रियों का पुतला दहन

**माचलपुर।** मध्यप्रदेश के मंत्रियों की गलतबायन बाजी और स्वास्थ विभाग में खांसी की गलत दवाई से होने वाली बच्चो की मौत इंदौर के दूषित पानी से होने वाली 35 मौत को लेकर जब विधानसभा में यह मुद्दा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने उठाया गया तो गलत शब्दो का उपयोग मध्य प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय महिलाओं को लेकर गलत बयानबाजी करने वाले मंत्री विजय शाह, स्वास्थ केंद्र गलत खांसी की दवाई से होने वाली बच्चो बड़ी संख्या मौत को लेकर स्वास्थ मंत्री राजेंद्र शुक्ल सभी मंत्रियों के इस्तीफे की मांग करते हुए सयुक्त रूप से उनका पुतला दहन नगर के पोलखेड़ा चैराहे पर किया गया जिसमे ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष यशवंत सिंह गुर्जर पोलखेड़ा, जिला पंचायत सदस्य यशवंत सिंह गुर्जर, बलवंत गुर्जर,दयाराम राठौर, भोलाराम दुबे,प्रकाश सोनी,राकेश बेरागी, संतराम पटेल पहलाद खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में काग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बेपरमिट व बीमा के चल रहे 5 ऑटो पर कार्रवाई, 2500 राजस्व वसूला




**सारंगपुर।** नगर में बिना परमिट, बीमा और फिटनेस प्रमाणपत्र के ऑटो संचालित किए जाने की शिकायतों के बीच पुलिस ने शुक्रवार को सख्त कार्रवाई की। थाना प्रभारी आकांक्षा हाडा के नेतृत्व में बस स्टैंड क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान पांच ऑटो ऐसे पाए गए जो बिना वैध परमिट, बीमा और फिटनेस के संचालित हो रहे थे। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित ऑटो चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की और कुल 2500 का राजस्व वसूल किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बिना बीमा के वाहन चलाने से दुर्घटना की स्थिति में यात्रियों को बीमा क्लेम नहीं मिल पाता, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसी उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया, ताकि यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके और आमजन की सुरक्षा बनी रहे। कार्यवाही के दौरान पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस की सख्ती को देखते हुए कई ऑटो चालक अपने वाहन लेकर मौके से हट गए, जिससे क्षेत्र में कुछ समय के लिए हड़कंप की स्थिति बन गई। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि आगे भी इसी प्रकार नियमित रूप से जांच अभियान जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ऑटो चालकों से अपील की कि वे अपने वाहन के सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण रखें और यातायात नियमों का पालन करें, ताकि किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके।

# मावठे की बारिश से किसानों की गेहूं फसल प्रभावित, मुआवजे की मांग



**सारंगपुर।** क्षेत्र में अचानक हुई मावठे की बारिश ने किसानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। ग्राम एहसानपुरा, निहाल सहित आसपास के अधिकांश गांवों में गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। खेतों में तैयार खड़ी फसल बारिश और तेज हवा के कारण जमीन पर बिछ गई है, जिससे उत्पादन प्रभावित होने की संभावना बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि इस समय गेहूं की फसल पकने की स्थिति में थी। ऐसे में असमय हुई बारिश ने दानों की गुणवत्ता पर भी असर डाला है। कई स्थानों पर फसल पूरी तरह लेट गई है, जिससे कटाई में भी अतिरिक्त खर्च और मेहनत बढ़ेगी। यदि मौसम साफ नहीं हुआ तो नुकसान और अधिक बढ़ सकता है। ग्रामीण किसान रमेश पटेल, मांगीलाल, देवीसिंह, रमेश मनोहर, लववंशी, बाबू, सुनील, केशर सिंह सहित अन्य किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कराया जाए। उनका कहना है कि कृषि विभाग और राजस्व अमले को मौके पर पहुंचकर वास्तविक स्थिति का आकलन करना चाहिए, ताकि किसानों को समय पर मुआवजा सहायता मिल सके। किसानों ने बताया कि पहले ही खेती की लागत बढ़ चुकी है। बीज, खाद और सिंचाई पर अधिक खर्च होने के बाद यदि फसल खराब होती है तो आर्थिक संकट गहरा जाएगा। किसानों ने शासन-प्रशासन से शीघ्र राहत प्रदान करने की मांग की है, जिससे उन्हें आर्थिक सहारा मिल सके और अगली फसल की तैयारी में मदद मिल पाए।

## 17 से 20 फरवरी तक राजगढ़ में हुआ सफल आयोजन

# जनगणना 2027 के प्रथम चरण में चार दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**ब्यावरा।** भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारियों के अंतर्गत जिले में 17 फरवरी से 20 फरवरी, 2026 तक चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित, त्रुटिरहित एवं समयबद्ध रूप से संपादित करना रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिलीप साहू एवं श्रीमती श्रुति पाटीदार द्वारा प्रतिभागियों को विस्तृत एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान जनगणना कार्य की संपूर्ण प्रक्रिया, प्रपत्रों के संधारण, मोबाइल एप्लीकेशन के उपयोग, हाउस लिस्टिंग तथा अन्य तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को फील्ड स्तर पर आने वाली संभावित चुनौतियों एवं उनके समाधान से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त चार्ज अधिकारी, अनुविभागीय चार्ज अधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार, नगरीय क्षेत्र हेतु आयोजित सत्र में सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं प्रभारी पी.ओ. डूडा भी शामिल हुए।

इस अवसर पर कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा तथा अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी कमल किशोर राज की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को जनगणना कार्य को गंभीरता, शुद्धता एवं समयबद्धता के साथ संपन्न करने के निर्देश दिए तथा इसे राष्ट्रीय महत्व का दायित्व बताते हुए पूर्ण प्रतिबद्धता से कार्य करने का आह्वान किया।

# उत्कृष्ट विद्यालय में जाति व जन्म प्रमाण पत्र बनाए



**सारंगपुर।** कलेक्टर के निर्देश एवं एसडीएम के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सारंगपुर ब्लॉक के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए आठ संकुल केंद्रों पर आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र एवं समग्र आईडी बनाने हेतु विशेष शिविर लगाए गए।

इसी कड़ी में उत्कृष्ट विद्यालय सारंगपुर में भी शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान प्राचार्य पूजा विजयवर्गीय की मौजूदगी में कस्बा पटवारी शहजाद मंसूरी द्वारा जाति प्रमाण पत्र के 27 आवेदन प्राप्त किए गए, जबकि जन्म प्रमाण पत्र के लिए 9 आवेदन लिए गए।

विद्यार्थियों ने आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत कर प्रक्रिया पूरी की। प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि समय पर दस्तावेज उपलब्ध हो सकें।

## कृषक कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में

# कृषि विज्ञान मेला 23 से 25 तक चलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



कृषकों की आय वृद्धि, उन्नत तकनीकों के प्रसार और नवाचार आधारित खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषक कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला का आयोजन 23, 24 एवं 25 फरवरी 2026 को मोहनपुरा कृषि धाम (मोहनपुरा डेम के समीप), राजगढ़ में किया जाएगा।

उप संचालक सह परियोजना संचालक "आत्मा", किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह कृषि मेला मध्यप्रदेश राज्य मिलेट मिशन, नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल तिलहन तथा आत्मा योजना के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। मेले में उन्नत बीज, नवीन कृषि यंत्र, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मिलेट्स (श्री अन्न) उत्पादन, तिलहन फसलों की उन्नत तकनीक, उद्यानिकी फसल प्रबंधन, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी कृषकों को प्रदान की जाएगी। साथ ही प्रगतिशील किसानों, कृषि वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन एवं संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे।

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि मेले में आने वाले कृषकों को सभी योजनाओं की समुचित जानकारी, तकनीकी परामर्श एवं आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि कृषि विज्ञान मेला किसानों के लिए नई तकनीकों को समझने, उत्पादन लागत कम करने तथा आय में वृद्धि के अवसरों को जानने का सशक्त मंच सिद्ध होगा। जिले के समस्त कृषकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कृषि विज्ञान मेले में सहभागी होकर आधुनिक कृषि तकनीकों एवं शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

# मौसम ने बदला मिजाज, लोगों को लेना पड़ा अलाव का सहारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

गुरुवार शाम को अचानक बदले मौसम और शुक्रवार सुबह लगभग 9 बजे हुई बारिश ने क्षेत्र में एक बार फिर ठंड का एहसास करा दिया। जहां एक ओर लोग ग्रीष्म ऋतु की तैयारी में जुट गए थे और गर्म कपड़ों को समेटने लगे थे, वहीं मौसम के अप्रत्याशित बदलाव ने सभी को चैंका दिया। बारिश के साथ चली ठंडी हवाओं ने तापमान में गिरावट ला दी, जिससे सुबह और रात के समय ठिठुरन बढ़ गई। नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में लोग दिनभर गर्म कपड़ों में नजर आए। प्रमुख चैराहों, बाजारों और ग्रामीण चैपालों पर सुबह से लेकर देर रात तक अलाव जलते रहे। ठंड से बचने के लिए बुजुर्ग, महिलाएं और युवा अलाव के आसपास बैठकर गर्मी लेते दिखाई दिए। अचानक बढ़ी सर्दी से दैनिक कामकाज पर भी असर पड़ा और लोग आवश्यक कार्यों के बाद जल्द ही घरों की ओर लौटते नजर आए।